# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 26 अगस्त, 2015/4 भाद्रपद, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 50**

----

### गोल्फ कार्ट/टैक्सी सेवा

***2300 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि शिमला के Sealed व Restricted मार्गों पर Golf Cart चलाने की सरकार की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो उन्हें कब तक चलाया जाएगा; और

(ग) सरकार क्या शिमला नगर निगम को शहर के प्रतिबन्धित मार्गों पर टैक्सी सेवा चलाने की अनुमति देगी; यदि नहीं, तो कारण?

----

### पंजीकृत होम स्टे

***2301 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने Home Stay का पंजीकरण किया गया है; इसके क्या Norms हैं; और

(ख) सरकार के ध्यान में क्या ऐसे मामले भी हैं जिन्होंने Section-118 के अन्तर्गत मकान बनाने हेतु ज़मीन ली थी परन्तु उनमें Home Stay चलाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें ?

----

## शव गृह का निर्माण

***2302 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जोनल अस्पताल, कुल्लू में शव गृह का निर्माण हो चुका है;

(ख) यदि हां, तो इस पर कितनी धनराशि खर्च हुई और इसका कार्य कब प्रारम्भ हुआ था; और

(ग) इस शव गृह में कितने शवों को रखने की व्यवस्था है और अन्य क्या-क्या सुविधाएं दी गई हैं; ब्यौरा दें ?

----

## भवन निर्माण

***2303 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां के स्कूल भवन निर्माण का कार्य किस ठेकेदार को दिया गया था और क्या उस ठेकेदार ने पाठशाला भवन का कार्य पूर्ण किया है या नहीं; ब्यौरा दें; और

(ख) वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां में भवन न होने के कारण बच्चों की कक्षाएं किसी निजी भवन में चल रही हैं तथा इसके दृष्टिगत सरकार क्या स्कूल के भवन निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## Ownership Rights

***2304 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that whether the Government plans to give ownership rights to the Chakautadars irrespective of ceiling of five bighas ?

----

## चिकित्सकों का पंजीकरण

***2305 श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में डॉक्टरों को अपना पंजीकरण करवाना अनिवार्य है;

(ख) यदि हां, तो कितने समय के बाद इसका नवीनीकरण करने का प्रावधान है; और

(ग) यह क्या पैरा-मैडिकल स्टाफ के लिए भी अनिवार्य है?

----

## प्रधानाचार्य की रिक्तियां

***2306 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परोल, हीनी लारथ तथा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) इन्दौरा में प्रधानाचार्य के पद खाली हैं; और

(ख) यदि हां, तो इन्हें कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## Vacant post of Doctors

***2307 Sh. B.K. Chauhan (Chamba):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-
(a) presently how many posts of specialist doctors are lying vacant in the Zonal Hospital Chamba; and

(b) by when these vacancies will be filled up?

----

## किराये पर देने के नियम

***2308 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि हिमाचल भवन नई दिल्ली के ऑडिटोरियम और बेसमेंट हॉल को किराये पर दिया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो कितने समय के लिए दिया जाता है और इसे किराये पर देने के क्या नियम हैं; नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## पंचायतों का पुनर्सीमांकन

***2309** **श्री ईश्वर दास धीमान(भोरंज) :**
**श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
**श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितनी ग्राम पंचायतें गठित हैं और कितनी पंचायतों की जनसंख्या 2500 से अधिक है; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि इस बार प्रदेश में पंचायत चुनाव से पहले नई पंचायतों के गठन पर रोक लगा दी गई है; यदि हां, तो कारण;

(ग)यह सत्य है कि पंचायतों का पुनर्सीमांकन सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो कब तक कर दिया जाएगा; और

(घ) पुनर्सीमांकन करने के क्या मापदण्ड हैं; ब्यौरा दें?

----

## Backward Region Grant Fund

***2310** **Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**
**Sh. Hans Raj(Churah) :**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that funds under BRGF have been stopped by Government of India;

(b) how many persons were employed in Chamba and Sirmour Districts under this scheme; and

(c) what steps the Government will take to continue their services ?

----

## मुआवज़ा प्रदान करना

***2311** **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 11 अप्रैल, 2015 से 31 जुलाई, 2015 तक जंगली जानवरों द्वारा कितने लोगों एवं पालतू पशुओं पर घातक हमले किए और कितने लोगों और पशुओं को मौत के घाट उतारा, कितनों को घायल किया; ब्यौरा जिलाशः नाम, पते सहित दें; और

(ख) सरकार ने प्रत्येक मामले में कितना-कितना मुआवज़ा दिया और कितने मामलों में मुआवज़ा अभी भी देय है; ब्यौरा जिलाशः दें?

----

## बांध का निर्माण

***2312 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि जिला ऊना में समूर खड्ड व गारनी खड्ड पर जल संग्रहण योजना (Rain Water Harvesting Scheme) में बांध बन रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए सरकार द्वारा निर्माण कार्य कब स्वीकृत किया गया और यह कब शुरु हुआ; और

(ग) यह कार्य कब तक पूर्ण होगा और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## रिक्त पद

***2313 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला कांगड़ा के देहरा विकास खण्ड में विकास खण्ड अधिकारी का पद कब से रिक्त है; और

(ख) इस पद को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए तथा इसे कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## Shortage of Field Staff

***2314 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) how many field staff in IPH Department were deployed for running of WSS/Irrigation schemes & how many have retired during 2014-15 & how many are going to retire during 2015-16;

(b) how are the WSS/Irrigation schemes being run by the Department due to shortage of field staff; and

(c) whether the Government is providing additional funds for outsourcing the schemes or deploying field staff; if yes, how much additional funds were provided under maintenance head during 2014-15 and 2015-16 to run the schemes smoothly ?

----

## पुल निर्माण

***2315 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वर्ष 2014 में आई बाढ़ से जाहु-भाम्बला के बीच स्थापित पुल बह गया था;

(ख) यदि हां, तो सरकार इसे पुनः बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ग) सरकार को क्या इसके सम्बन्ध में विधायक की प्राथमिकता भी प्राप्त हुई है ?

----

## विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत योजनाएं

***2316 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी स्कीमें लोक निर्माण विभाग की विधायक प्राथमिकता में डाली गई हैं; विवरण नाम सहित दें; और

(ख) इन स्कीमों की वर्तमान स्थिति क्या है; विवरण दें?

----

## Rongtong Project

***2317 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that all turbines of Rongtong Project are not in working

condition at Rangrik in Spiti valley ;

(b) if so, does Government propose to repair the turbines & by when it will be repaired ; and

(c) whether the department has any alternate method for supply of electricity and what is the present status of supply of electricity to the valley?

----

## उठाऊ पेयजल योजना

*2318 **श्री राम कुमार(दून) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) गत वर्ष विधायक प्राथमिकता में डाली गई गम्बर नदी पर बनने वाली लिफ्ट सिंचाई योजनाओं की वस्तुस्थिति क्या है;

(ख) वर्तमान में किन-किन योजनाओं की DPR तैयार हो गई है; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ग) पेयजल योजना चण्डी क्षेत्र (2) पेयजल योजना केन्था चडियार (3) पेयजल योजना बडैहरी जाहेडजी व दून क्षेत्र की स्वीकृत विभिन्न सिंचाई योजनाओं को कब तक मुकम्मल करके जनता को लोकार्पण किया जायेगा; स्वाकीमवाईज पूर्ण ब्यौरा दें ?

----

## सड़क निर्माण

*2319 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 01-01-2013 से 31-07-2015 तक जसवां-प्रागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी सड़कें विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत डाली गई तथा उनमें से कितनी सड़कों की डी0पी0आर0 बन चुकी हैं; ब्यौरा सड़कवार दें; और

(ख) इन विधायक प्राथमिकता की सड़कों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## राजस्व रिकार्ड

*2320 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि मुहाल लाल सिंगी, जिला ऊना का राजस्व रिकार्ड जैसे साविक लट्ठा पूर्ण रूप से फट चुका है तथा मुसाबी व मोमी भी तहसील व जिला कार्यालय में उपलब्ध

नहीं है जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को राजस्व सम्बन्धी कार्य में कठिनाई आ रही है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक जनहित में इस राजस्व रिकार्ड को शीघ्र समयबद्ध पुनः निर्मित करने का विचार रखती है ?

----

## विश्राम गृह

***2321 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गांव छियोड़ी ग्राम पंचायत वौहनी तहसील व जिला हमीरपुर में PWD Rest House बनाने का क्या औचित्य था;

(ख) इसका निर्माण कार्य कब शुरू हुआ तथा इसके निर्माण पर कुल कितनी धनराशि खर्च हुई; और

(ग) यह विश्राम गृह बनने के बाद इसमें कितने कमरे book हुए; कितने लोग कब-कब ठहरे; ब्यौरा दें ?

----

## भवन निर्माण

***2322 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय, राजगढ़ का निर्माण लम्बे समय से चल रहा है;

(ख)यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब शुरू किया गया तथा कितना कार्य हो चुका है व कितना शेष है ; और

(ग) महाविद्यालय भवन के लिए कितने धन का प्रावधान किया गया है; कितना धन खर्च हो चुका है?

----

## Vacancy Position

***2323 Sh. Mohan Lal Brakta (Rohru):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that:-

(a) at present how many Veterinary Hospitals and Veterinary-Dispensaries are working in Rohru Constituency including Dodra-Kawar; details be given;

(b) how many posts of doctor and other staff are lying vacant in these institutions; and

(c) whether there is any proposal to open new hospitals or dispensaries in the Constituency particularly in village Kutara of Gram Panchayat Kutara?

----

## सड़कों की मरम्मत

***2324 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2014-15 व 1 जनवरी, 2015 से 31 जुलाई, 2015 तक नादौन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली बंगाणा-धनेटा-रंगस, पन्याली-धनेटा वाया मांजरा, कांगू-मालग-सुकड़याह-धनेटा,गलोड़-फाहल-टिप्पर तथा गलोड़-गाहलियां-दांदडू सड़कों की मरम्मत पर कितना-कितना धन व्यय किया गया और इन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## Award of Works

***2325 Sh. Bikram Singh Jaryal (Bhattiyat):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) from 21.03.2015 to 31.07.2015 how many works have been awarded under different heads by I&PH Division, Dalhousie in Bhattiyat Constituency; and

(b) details such as name of contractors with address, name of works with estimated cost and time frame be given ?

----

## अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति

***2326 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01-01-2013 से 31-07-2015 तक हिमाचल पथ परिवहन निगम (H.R.T.C.) में कितने कर्मचारियों को करूणामूलक आधार पर नियुक्त किया गया; ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(ख) यह सत्य है कि इन कर्मचारियों को इस नियुक्ति से पूर्व भी नियुक्ति हेतु consider किया गया था; परन्तु नियुक्त नहीं किया गया; और

(ग) यदि हां, तो इन्हें दूसरी बार किस आधार पर consider किया गया; ब्यौरा दें?

----

## जलवाहक से चौकीदार का कार्य लेना

***2327 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि शिक्षा विभाग में कार्यरत Water Carrier -cum- Peon जो कि दैनिक वेतन भोगी हैं; उनसे चौकीदारों का कार्य लिया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह नियमानुकूल है ?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाएं

***2328 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्तमान में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल नेरवा और उप-मण्डल सैंज में कितनी उठाऊ पेयजल और सिंचाई योजनाओं का कार्य चल रहा है; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) विभाग द्वारा उठाऊ पेयजल व सिंचाई योजनाओं का कार्य किस-किस तिथि को ठेकेदार को आबंटित किया गया और कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थी; ब्यौरा योजनावार व जगह के नाम सहित दें;

(ग) कौन-कौन सी योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और कौन सी अधूरी हैं तथा उनमें और कितनी धनराशि की आवश्यकता है; और

(घ) जो योजनाएं पूर्ण नहीं हुई हैं उनका ब्यौरा ठेकेदार के नाम सहित दें ?

----

## Lecturers on Deputation

***2329 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is true that there is sufficient number of commerce students in Government PG College Nalagarh and the result has also been excellent throughout;

(b) if yes, is it also true that against sanctioned strength of 3, one post is vacant due to promotion and other two lecturers have been sent on deputation to Government College Barotiwala in Doon Assembly Constituency;

(c) if yes, the reasons thereof; and

(d) by when the deputation of two lecturers will be cancelled and vacant post filled-up?

----

## आयु सीमा

***2330 श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी सरकारी सेवा में रहते हुए उच्च शिक्षा व प्रशिक्षण ग्रहण करने के लिए कितनी आयु सीमा तक पात्र हैं; ब्यौरा दें ?

----

## कनिष्ठ अभियन्ता की रिक्तियां

***2331 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि वर्तमान में इन्दौरा सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल में कनिष्ठ अभियन्ताओं के कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जायेगा ?

----

## Scarcity of Essential Material

***2332 Sh. B.K. Chauhan (Chamba):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is scarcity of essential material such as poles & wires etc. required to keep the power lines operative; and

(b) if so, by when such material will be made available to Districts especially to Chamba ?

----

## उद्घाटन/शिलान्यास

***2333 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में पंचायतों द्वारा निर्मित विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन/शिलान्यास करने के लिए विभाग से लिखित आदेश लेने आवश्यक हैं; यदि हां, तो ब्यौरा कारण सहित दें?

----

## Construction of Stadium

***2334 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is any proposal to construct a Stadium at Dalhousie;

(b) what is the estimated cost of the project; and

(c) whether the land for the same has been identified and transferred to the concerned department ?

----

## मनरेगा/अन्य मद्दों के अन्तर्गत कार्य

***2335 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 16-02-2015 से 31-07-2015 तक तीसा विकास खंड के अन्तर्गत मनरेगा व अन्य कार्यों की स्वीकृति देने की शक्ति पंचायतों के कार्य निष्पादन कमेटी को दी गई है;

(ख) यह सत्य है कि तीसा विकास खंड में लगभग एक वर्ष से विकास खंड अधिकारी का पद रिक्त है; यदि हां, तो कारण; और

(ग) दिनांक 31.07.2015 तक ग्राम पंचायत सनवाल, भराडा में कितने कार्यों को स्वीकृति दी गई व कितने कार्यों के Utilization Certificates सरकार को प्राप्त हुए हैं; ब्यौरा कार्यवार दें?

----

## धनराशि उपलब्ध करवाना

***2336 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बजट सत्र के दौरान कुल्लू शहर के मठ क्षेत्र में भू-स्खलन से हुए नुकसान हेतु कितनी धनराशि सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा दें ?

----

## सड़क दुर्घटनाएं

***2337 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला ऊना में दिनांक 10 अप्रैल, 2013 से 31-7-2015 तक किस-किस सड़क पर कितनी दुर्घटनाएं हुईं; इसमें कितने लोगों की मृत्यु हुई तथा कितने घायल हुए;

(ख) दुर्घटना के क्या-क्या कारण थे तथा पीड़ित व्यक्तियों को कुल कितनी अनुग्रह राशि वितरित की गई; और

(ग) सरकार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए क्या पग उठा रही है ?

----

## आयुर्वेद स्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्तियां

***2338 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले आयुर्वेद अस्पताल/ आयुर्वेद स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों व अन्य पैरा-मैडिकल के कितने पद सृजित हैं तथा इनमें से कितने पद भरे हैं; ब्यौरा संस्थानों का व पदवार दें; और

(ख) इन स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्त पड़े पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## Electrical Section Khajjian

***2339 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) what steps the Government is taking to shift the Electrical Section Khajjian under Electrical Sub-division kotla to Nurpur; and

(b) the latest position in this regard be given?

----

## प्रशिक्षण केन्द्र बन्द करना

***2340 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि कनैड में स्थित खादी ग्रामोद्योग का प्रशिक्षण केन्द्र बन्द कर दिया गया है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; ब्यौरा दें ?

----

## अध्यापकों की रिक्तियां

***2341 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी प्राथमिक व कितनी माध्यमिक पाठशालाएं हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) ऐसी कितनी प्राथमिक व माध्यमिक पाठशालाएं हैं, जहां पर एक भी अध्यापक कार्यरत नहीं है; ब्यौरा नाम सहित दें ?

----

## Filling up of vacant Posts

***2342 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

(a) how many posts of Block Officer, Range Officer and other staff are vacant in the Forest Department against the sanctioned strength in Lahaul & Spiti;

(b) what is the status of vacant posts in Pangi-Bharmour against the sanctioned posts of BO, RO & other staff; and

(c) by when the said posts at Lahaul & Spiti will be filled up; details be given?

----

## पाठशालाओं का उन्नयन

***2343 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 31.7.2015 तक दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी नई प्राथमिक पाठशालाएं खोली गई और कितनी स्तरोन्नत की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार द्वारा क्या इनकी अधिसूचना जारी कर दी गई है; यदि नहीं, तो कब तक करने का विचार रखती है?

----

## खनिज रक्षकों की भर्ती

***2344 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में उद्योग विभाग में हुई भर्ती से खनिज रक्षकों के कितने पद भरे गए;

(ख) इन खनिज रक्षकों की भर्ती हेतु विज्ञापन किस-किस समाचार पत्र में दिये गए तथा इनके साक्षात्कार किस संस्था द्वारा लिए गए; ब्यौरा दें; और

(ग) खनिज रक्षकों की भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों का ब्यौरा नाम व पते सहित दें ?

----

**Free Bus Pass**

***2345 Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Gallantry Award holders Ex-servicemen are deprived of the benefit to use HRTC free bus pass facility in JNNURM buses; and

(b) if so, by when they will be allowed to use free bus pass facility in JNNURM buses?

----

**वन रक्षक की भर्ती**

***2346 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि जिला सिरमौर में Forest Guard की भर्ती की जा रही है; यदि हां, तो कुल कितने पद भरने प्रस्तावित हैं; और

(ख) चयन प्रक्रिया हेतु क्या मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं; ब्यौरा दें?

----

**विद्युत आपूर्ति**

***2347 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि नोगड़ी-सुंगरी होते हुए 66-KV Line (Feeder) समोली को आती है और यदि इस लाईन में खराबी आ जाये तो पूरे रोहड़ू क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित होती है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार क्या इस समस्या को दूर करने के लिए अन्य उपाय करने पर विचार करेगी; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर

***2348 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की स्थापना कब हुई ;

(ख) इसके भवन निर्माण का शिलान्यास कब किया गया;

(ग) यह सत्य है कि इसका निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया गया है; यदि हां, तो इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है और यह कब तक बनकर तैयार हो जायेगा; और

(घ) यदि नहीं, तो कारण ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र समोट

***2349 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पी0एच0सी0 समोट का दर्जा बढ़ाकर इसे सी0एच0सी0 (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र) कब तक करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

**शिमलाः 171004.** — **सुन्दर सिंह वर्मा ,**
**दिनांकः 13 अगस्त, 2015.** — **सचिव।**